दैनिक भास्कर
धनबाद 24-03-2026

धर्म • समाज • संस्था

आज का पंचांग

श्रीपति त्रिपाठी

तिथि संवत् चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी शाम - 06:54 उपरांत सप्तमी, श्री शुभ संवत-2083, शाके-1948,हिजरी सन-1447-48

सूर्योदयकालीन ग्रह विचार
सूर्य-मीन, चंद्रमा-वृष, मंगल-कुम्भ, बुध-कुम्भ, गुरु-मिथुन, शुक्र-मीन, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

सूर्योदयकालीन नक्षत्र
रोहिणी उपरांत मृगशिरा, योग-प्रीति, करण-तै उपरांत गर

चौघड़िया : प्रातः 06:00 से 07:30 तक रोग, प्रातः 07:30 से 09:00 तक उद्वेग, प्रातः 09:00 से 10:30 बजे तक चर, प्रातः 10:30 बजे से 12:00 बजे तक लाभ, दोपहर: 12:00 से 01:30 बजे तक अमृत, दोपहर: 01:30 से 3:00 बजे तक काल, दोपहर: 3:00 से 4:30 बजे तक शुभ, शामः 04:30 से 06:00 तक रोग।

राशिफल

मेष : शुभ अंक 9, शुभ रंग लालः आज का दिन आपके लिए नई ऊर्जा और उत्साह लेकर आएगा। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयास सफल होंगे और आपको वरिष्ठों से सराहना मिल सकती है। अधूरे कार्य पूरे होने की संभावना है।

वृष : शुभ अंक 6, शुभ रंग क्रीमः आज का दिन धैर्य और समझदारी के साथ आगे बढ़ने का है। कार्यक्षेत्र में आपकी योजनाएं सफल होंगी और आय में वृद्धि के संकेत हैं। खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखें। परिवार में प्रेम और सौहार्द बना रहेगा।

मिथुन : शुभ अंक 5, शुभ हराः आज आपकी बुद्धिमत्ता और वाणी का प्रभाव देखने को मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी सराहना होगी और नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार में लाभ के योग हैं। परिवार के साथ समय अच्छा बीतेगा।

कर्क : शुभ अंक 2, शुभ रंग सफेदः आज आपको भावनात्मक संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र में धैर्य से काम लें, सफलता धीरे-धीरे मिलेगी। परिवार में शांति और सहयोग बना रहेगा। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी।

सिंहः शुभ अंक 1, शुभ रंग सुनहराः आज आपका आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिन्हें आप सफलतापूर्वक निभाएंगे। व्यापार में विस्तार के योग हैं।

कन्या : शुभ अंक 7, शुभ रंग भूराः आज आपकी मेहनत और अनुशासन आपको सफलता दिलाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यकुशलता की सराहना होगी। आर्थिक मामलों में सतर्कता बरतें। परिवार में सुखद वातावरण रहेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

तुला : शुभ अंक 4, शुभ रंग आसमानीः आज संतुलन और समझदारी से काम लेना आपके लिए लाभकारी रहेगा। नौकरी में सहयोग मिलेगा और कार्य समय पर पूरे होंगे। व्यापार में नई योजनाएं सफल हो सकती हैं।

वृश्चिक : शुभ अंक 8, शुभ रंग मैरूनः आज आपको साहस और आत्मसंयम के साथ आगे बढ़ना होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत सफल होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं। परिवार में सहयोग बना रहेगा।

धनु : शुभ अंक 3, शुभ रंग पीलाः आज भाग्य आपका साथ देगा और रुके हुए कार्य पूरे होंगे। नौकरी और व्यापार में प्रगति होगी। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। यात्रा के योग बन सकते हैं।

मकर : शुभ अंक 10, शुभ रंग नीलाः आज मेहनत और धैर्य का अच्छा परिणाम मिलेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार में सामंजस्य बना रहेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

कुंभ : शुभ अंक 11, शुभ रंग बैंगनीः आज का दिन नए विचारों और रचनात्मकता से भरपूर रहेगा। नौकरी में नए अवसर मिल सकते हैं। व्यापार में लाभ के संकेत हैं। परिवार में खुशी बनी रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

मीन : शुभ अंक 12, शुभ रंग हराः आज आपकी संवेदनशीलता और कल्पनाशक्ति में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखें। परिवार में सुखद वातावरण रहेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

सूर्यदेव को आज शाम 5:22 से 6:01 बजे, कल सुबह 5:57 से 6:52 बजे तक अर्घ्य देने का समय शुभ

चैती छठ : दूसरे दिन कृत्तिका नक्षत्र में हुई खरना पूजा, 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू

सिटी रिपोर्टर | धनबाद

लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन सोमवार को कृत्तिका नक्षत्र और सर्वार्थ सिद्धि योग में खरना मनाया गया। हाउसिंग कॉलोनी, सरायढेला, बसंत विहार, सुगियाडीह, कुसुम विहार, चिरागोड़ा, भेलाटांड़ वीआईपी कॉलोनी और गोविंदपुर राम मंदिर सहित कई मोहल्लों में व्रतियों ने विधि-विधान से पूजा की।

व्रतियों ने शुद्धता के साथ घरों में खीर का प्रसाद तैयार किया और शाम 6:16 से 7:45 बजे के बीच शुभ मुहूर्त में प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। सरायढेला के बसंत विहार में पूजा तिवारी व उर्मिला चौधरी, चिरागोड़ा में प्रदीप सिंह व युवराज सिंह, हाउसिंग कॉलोनी में रीता चौधरी और कुसुम विहार में प्रिया सिन्हा ने खरना का पूजन किया। सुगियाडीह में जेपी वर्मा, हाउसिंग कॉलोनी में केपी गुप्ता और भेलाटांड़ वीआईपी कॉलोनी में दयाशंकर सिंह के घर छठ पूजा हो रही है। परिजनों और आसपास के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंगलवार को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जाएगा, जबकि बुधवार सुबह उगते सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। आचार्य डॉ. गिरधर गोपाल मिश्रा के अनुसार, मंगलवार को रोहिणी नक्षत्र और रवि व द्विपुष्कर योग में संध्या अर्घ्य दिया जाएगा। इसका शुभ समय शाम 5:22 से 6:01 बजे तक है। वहीं बुधवार को मृगशिरा नक्षत्र और सौभाग्य योग में सुबह 5:57 से 6:32 बजे तक उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने का समय रहेगा। इसके साथ ही छठ पर्व का समापन होगा।

चैती छठ को लेकर खरना का पूजा करतीं व्रती।

राजेंद्र सरोवर व अन्य तालाब तैयार

चैती छठ को लेकर बेकारबांध स्थित राजेंद्र सरोवर, मनईटांड़ तालाब, विकास नगर छठ तालाब, पंपू तालाब और सर्वेश्वरी आश्रम तालाब सहित विभिन्न घाटों को तैयार कर लिया गया है। नगर निगम ने घाटों और आसपास के क्षेत्रों में सफाई कराई है, जहां व्रती और श्रद्धालु अर्घ्य अर्पित करेंगे।

श्रीश्री हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ पर कच्छी बलिहारी में निकली कलश यात्रा

भास्कर न्यूज | केंदुआ

तीन दिवसीय श्रीश्री हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इसमें 551 महिलाओं और युवतियों ने सिर पर कलश रखकर भाग लिया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर शक्ति स्कूल, 10 नंबर मोड़ होते हुए अरलगढ़िया छठ तालाब पहुंची। जहां आचार्य सरोज, संदीप मुखर्जी व सुखदेव बनर्जी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जलभरण कराया। यात्रा के दौरान युवाओं ने निशान के साथ "जय श्रीराम", "जय हनुमान" के जयघोष लगाए। वहीं, भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। महायज्ञ के पहले दिन हनुमान प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण, पंचांग व वेदी पूजन किया गया। रात 9 बजे से भक्ति जागरण आयोजित हुआ। मुख्य यजमान संतोष महतो और कुंती देवी ने बताया कि मंगलवार को वेदी पूजन, चंडी पाठ, आरती और रात्रि जागरण होगा। बुधवार को वेदी पूजन, हवन और पूर्णाहुति के बाद दोपहर 2 बजे से भंडारा किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में भिखा महतो, लगन महतो, चक्रधारी महतो, भानु प्रताप महतो, जलेश्वर महतो, रतिलाल महतो, रमेश महतो, काली महतो, ओम प्रकाश महतो, संजय महतो, विक्की महतो और रवि शंकर महतो सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।

बेलवरण के साथ आज माता के खुलेंगे पट

लुबी सर्कुलर रोड, जगजीवन नगर, मनोरम नगर, भूईफोड़ मंदिर में हो रही चैती दुर्गा पूजा

सिटी रिपोर्टर | धनबाद

चैत्र शुक्ल पक्ष की षष्ठी से बेलवरण पूजा के साथ ही शहर में चैती दुर्गा पूजा पंडालों के पट खुल जाएंगे। लुबी सर्कुलर रोड स्थित दुर्गा मंदिर, भूईफोड़ मंदिर, जगजीवन नगर ओल्ड डॉक्टर्स कॉलोनी दुर्गा मंदिर और मनोरम नगर में चैती दुर्गा पूजा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। लुबी सर्कुलर रोड में एसएसएलएनटी कॉलेज के पीछे यूथ क्लब सेवा समिति द्वारा चौथे वर्ष चैती दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार की शाम मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा शुरू होगी। सप्तमी, अष्टमी व नवमी को विधि-विधान से पूजन के साथ प्रसाद वितरण किया जाएगा। पूजा को लेकर लुबी सर्कुलर रोड में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। रंग-बिरंगी लाइटों से पूरा इलाका जगमगा उठा है। आयोजन को सफल बनाने में यूथ क्लब सेवा समिति के सदस्य जुटे हुए हैं। जगजीवन नगर ओल्ड डॉक्टर्स कॉलोनी दुर्गा मंदिर में भी तैयारियां जोरों पर हैं। यहां पूजा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं, भूईफोड़ मंदिर में भारत सेवाश्रम संघ द्वारा 65वें चैती दुर्गोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 25, 26 और 27 मार्च को मां दुर्गा की पूजा, गुरुदीक्षा और अन्य धार्मिक अनुष्ठान होंगे। महानवमी के दिन दोपहर में महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

चैती दुर्गा पूजा को लेकर एलसी रोड में की गई लाइटिंग।

एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
LIC HFL
दूसरा तल्ला, बिस्कोमान टॉवर, गाँधी मैदान (पश्चिम) पटना – 800001, फोन: 0612-2332129

(नियम 8(1). कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

जबकि अधोहस्ताक्षरी **एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 का नियम 54 (2002 के नियम 3) एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्न ऋणी के बकाया राशि के प्रतिदाय के लिए निम्न दिनांक को मांग सूचना जारी की थी, जिसमें उल्लीखित रकम को 60 दिनों के भीतर प्रतिदाय करने को कहा गया था।

ऋणी द्वारा रकम की अदायगी न करने के कारण निम्न ऋणी एवं जनसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्ति का कब्जा निम्न दिनांक को ले लिया है।

ऋणी एवं जनसाधारण को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि वे संबंधित परिसम्पत्ति की खरीद–फरोख्त न करें तथा इस परिसम्पत्ति के किसी भी क्रय–विक्रय अंकित रकम निम्न रूपये एवं उसपर ब्याज एवं अन्य खर्चे के लिए **एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**, के प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ताओं का ध्यान सुरक्षित परिसम्पत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की उप– धारा (8) के धारा 13 के अन्तर्गत आमंत्रित है।

ऋणी का नाम/पता	मांग सूचना की तारीख/ ऋण खाता सं. एवं रकम कब्जा की तारीख	अचल संपत्ति का विवरण
सुखदेव प्रसाद तुरी निवासी – एयरपोर्ट कॉलोनी, क्वार्टर नंबर– 7, गेट नंबर– 01, हिनू, रांची, झारखंड– 834002	16.01.2026 ऋण खाता सं. 211100006220 रू. 13,04,988/- +सरफेसी+अन्य शूल्कें 19.03.2026	जमीन एवं मकान के सभी भाग एवं खंड जिसमें शामिल है सेल डीड सं.–12229 दिनांक 28.05.2011 पता– मौजा–अबरिया, थाना–जगरनाथपुर, थाना सं.–297, आर एस खाता सं.–02, प्लॉट सं.–558, सब प्लॉट सं.–558 का भाग, रांची झारखंड, **चौहद्दी:–उत्तर**–राजस्व प्लॉट सं.–536, **दक्षिण**–राजस्व प्लॉट सं.–558 भाग, **पूरब** – राजस्व प्लॉट सं.– 559, **पश्चिम** – 20 फीट प्रस्तावित सड़क
अशोक कुमार झा पिता – गणपति झा निवासी– कृष्णा पुरी के पास, द्वारिकापुरी, लोअर चुटिया, रांची, झारखंड– 834001	17.01.2026 ऋण खाता सं. 211100002472 रू. 4,34,943/- +सरफेसी+अन्य शूल्कें ऋण खाता सं. 211100007866 रू. 7,52,928/- +सरफेसी+अन्य शूल्कें ऋण खाता सं. 211100008307 रू. 8,45,242/- +सरफेसी+अन्य शूल्कें 19.03.2026	जमीन एवं मकान के सभी भाग एवं खंड जिसमें शामिल है सेल डीड सं.–7536, दिनांक 09.05.2007 पता– ग्राम– चुटिया, थाना– चुटिया, थाना संख्या – 211, खाता संख्या – 82, प्लॉट संख्या – 961, सब प्लॉट संख्या प्लॉट संख्या – 961 का भाग, रांची, झारखंड, **चौहद्दी:–उत्तर**– सर्वे प्लॉट संख्या – 1005 **दक्षिण** – 10 फीट चौड़ी प्रस्तावित सड़क **पूरब** – विक्रेता का नीज **पश्चिम** – विक्रेता का नीज
सूरज कुमार निवासी–जगन्नाथपुर मंदिर के पास, जगन्नाथपुर न्यू कॉलोनी, धुर्वा, रांची, झारखंड– 834004	17.01.2026 ऋण खाता सं. 211100007121 रू. 18,97,552/- +सरफेसी+अन्य शूल्कें ऋण खाता सं. 211100008372 रू. 4,75,395/- +सरफेसी+अन्य शूल्कें 19.03.2026	जमीन एवं मकान के सभी भाग एवं खंड जिसमें शामिल है सेल डीड सं.–19387 दिनांक 18.12.2007 पता– मौजा–लोधमा, थाना– जगरनाथ पुर, थाना संख्या – 302, राजस्व खाता सं.–06, प्लॉट सं.–241, सब प्लॉट सं.–241 का भाग, जिला– रांची, झारखंड, **चौहद्दी:–उत्तर**– ग्रामीण रास्ता, **दक्षिण** – राजस्व प्लॉट सं.–241 अर्जुन बहादुर क्षत्री, **पूरब** – 20 फीट चौड़ी सड़क प्रस्तावित, **पश्चिम** – राजस्व प्लॉट सं.–241 अर्जुन बहादुर क्षत्री
लव प्रसाद नायक एवं लाखी देवी निवासी– पिपरा टोली, खूंटी, रांची, झारखंड– 832109	16.01.2026 ऋण खाता सं. 211100011733 रू. 31,14,987/- +सरफेसी+अन्य शूल्कें 20.03.2026	जमीन एवं मकान के सभी भाग एवं खंड जिसमें शामिल है सेल डीड सं.–787 दिनांक 27.07.2018 पता– राजस्व प्लॉट सं.–725, खाता सं.–28, मौजा–दहुगातु, थाना–खूंटी थाना सं.–89, जिला– खूंटी झारखंड, **चौहद्दी:–उत्तर**– सड़क, **दक्षिण** – मौजा हातुबदाग की सीमा, **पूरब** – वेंडर सेल्फ, **पश्चिम** – प्लॉट सं.– 725 का भाग
अशोक कुमार एवं राखी सिन्हा निवासी– क्वार्टर नंबर– 1बी/73, सुभाष नगर, बेरमो, झारखंड – 829132	16.01.2026 ऋण खाता सं. 211100003275 रू. 19,03,759/- +सरफेसी+अन्य शूल्कें 22.03.2026	जमीन एवं मकान के सभी भाग एवं खंड जिसमें शामिल है सेल डीड सं.–3477 दिनांक 03.03.2006 पता–ग्राम–मेरावल, थाना सं.–161, परगना–चंपा, खाता सं.–32/47, प्लॉट सं.–1359, जिला– हजारीबाग, झारखंड, **चौहद्दी:–उत्तर**–प्रस्तावित सड़क, **दक्षिण**–ब्लॉक सं.–42, **पूरब**–ब्लॉक सं.–40, **पश्चिम**–ब्लॉक सं.–38 श्रीमती मधु कुमारी
जगेश्वर महतो पिता– लोकेश्वर महतो निवासी– ग्राम – दाहू बरटोली, दाहू ओरमांझी, रांची, झारखंड– 832109	20.02.2025 ऋण खाता सं. 211100007654 रू. 16,88,146/- +सरफेसी+अन्य शूल्कें 22.03.2026	जमीन एवं मकान के सभी भाग एवं खंड जिसमें शामिल है सेल डीड सं.–11466 दिनांक 06.08.2012, मौजा– मोरहाबादी (कुसुन विहार) खाता सं.–29, प्लॉट सं.–915, थाना– रांची थाना सं.–192, वार्ड सं.–19 नया 04 पु., फ्लैट सं.–2बी, ग्राउंड फ्लोर उषा अपार्टमेंट रोड सं.–07, कुसुम विहार रांची झारखंड, **चौहद्दी:–उत्तर**–फ्लैट सं.–2सी, **दक्षिण**– फ्लैट सं.–2ए, **पूरब**– खुला आकाश, **पश्चिम**– कॉरिडोर सीढ़ियाँ एवं लिफ्ट
श्री सुबोध कुमार पिता– श्री राम प्रवेश प्रसाद निवासी – बड़ा जमुआ, सूरज फर्नीचर के पास, डालुगुरा, धनबाद, कल्याणपुर, धनबाद झारखंड – 826004	17.07.2025 ऋण खाता सं. 211700008839 रू. 12,34,233/- +सरफेसी+अन्य शूल्कें ऋण खाता सं. 9001170001706 रू. 6,09,715/- +सरफेसी+अन्य शूल्कें 17.03.2026	जमीन एवं मकान के सभी भाग एवं खंड जिसमें शामिल है सेल डीड सं.–4101 दिनांक 06.12.2013 पता– मौजा–चरकपाथर, थाना– बरवाड़ा, मौजा सं.–81, खाता सं.– 42, प्लॉट सं.– 343 गोविंदपुर, धनबाद (झारखंड) कुल रकबा – 3 डिसमील, संपत्ति **श्री सुबोध कुमार** पिता श्री राम प्रवेश प्रसाद के नाम में, **चौहद्दी:–उत्तर**– वही प्लॉट का भाग श्री अवध जोला मियां, **दक्षिण** – उसी प्लॉट का भाग, **पूरब** – प्लॉट सं.– 344, **पश्चिम** – दातागुन का नीज
राम किशन प्रसाद एवं राम सेवक प्रसाद, निवासी– द्वारा – अंदो साव, हनुमान मंदिर के पास, बलकुदरा, थाना– बसाल, गेगड़ा, पतरातू रांची रोड, रांची, झारखंड – 829143	01.11.2025 ऋण खाता सं. 211700006273 रू. 14,76,849/- +सरफेसी+अन्य शूल्कें 23.03.2026	जमीन एवं मकान के सभी भाग एवं खंड जिसमें शामिल है सेल डीड सं.–2351 दिनांक 27.05.2008 पता– प्लॉट सं. –483, खाता सं.–167, मौजा– बलकुदरा, सं.–26, हनुमान मंदिर के पास, थाना– पतरातू, थाना सं.–26, जिला– रामगढ़, रांची, झारखंड, **चौहद्दी:–उत्तर**– सड़क, **दक्षिण** – कमल साव की जमीन, **पूरब** – चमन साव की जमीन, **पश्चिम**– खरीददार का जमीन

वाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। प्राधिकृत अधिकारी, एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन केंदुआ में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में जुटे श्रद्धालु

भास्कर न्यूज | केंदुआ

नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन केंदुआ बाजार कथा स्थल पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथावाचक सुरेन्द्र हरिदास ने श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर होकर भक्तों को आनंदित किया। उन्होंने कहा कि मोह-माया, लालच और दिखावे में जीवन उलझ गया है। लोग बाहरी दुनिया में इतने खो गए हैं कि खुद के भीतर रहने वाले भगवान को भुलने लगे हैं। कहा कि सनातन केवल एक धर्म नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक शाश्वत पद्धति है। कथा को सफल बनाने में सुधीर ठाकुर, मनोज खानी, दुलारी, संजय ताम्रकार, रेणु देवी, सुजीत ठाकुर, पुनम देवी, अमित ठाकुर, सोनाली देवी, दीपक ताम्रकार, गुड़िया देवी, सोनू कुमार, रेखा देवी, गंगा प्रसाद गुप्ता, राजेश ताम्रकार, सुनिल शर्मा, सुजल कुमार, विनोद ताम्रकार, निखिल चौरसिया, अमित ताम्रकार, आदित्य गुप्ता, विक्रांत खानी, आलोक ताम्रकार, चन्दन पोद्दार धीरज साव आदि का सहयोग रहा।

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(एक महारत्न कंपनी)
पेट्रोलियम हाउस, 17, जमशेदजी टाटा रोड, मुंबई-400020

संशोधनी

संदर्भ : एचपीसीएल डीसीए कम सीएस एडीवीटी. दिनांक 10.02.2026 और 11.02.2026। **अंतिम तारीख 21.04.2026 तक बढ़ा दी गई है।** अधिक जानकारी के लिए **https://petchem.hpcl.co.in/dca-cum-cs** पर जाएं। **हेल्पलाइन: 8169234083** (सुबह 10 बजे - अपराह्न 5 बजे, सोम - शुक्र, सार्वजनिक छुट्टी के दिनों को छोड़कर)।

नवरात्र के पांचवें दिन स्कन्दमाता देवी ने दिए दर्शन, शक्ति मंदिर में आरती को उमड़े भक्त

सिटी रिपोर्टर | धनबाद

चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन शक्ति मंदिर में मां दुर्गा के पांचवें स्वरुप, स्कंद माता, की पूजा आयोजित हुई। सोमवार को माता रानी को लाल वस्त्र में भव्य शृंगार कर भक्तों को दर्शन दिया गया। फूलों से सजा दरबार भक्तों के लिए आनंददायक बना। पंडित मुकेश पांडेय ने पूरे विधि-विधान से पूजन कराया। यजमान अशोक अरोड़ा और उनकी पत्नी ने विशेष रूप से पूजा में भाग लिया। सोमवार को नौ भक्त परिवारों ने माता को भोग अर्पित किया, जबकि मंगलवार को 12 परिवार भोग चढ़ाएंगे।

दूर-दूर से माता रानी के दर्शन के लिए आए भक्तों ने सुख-समृद्धि की कामना की। संध्या आरती में सैकड़ों भक्त शामिल हुए। चैत्र नवरात्र में मंदिर के पीछे प्रांगण में विशेष व्यवस्था की गई थी और एलईडी स्क्रीन पर शाम की आरती लाइव दिखाई जा रही थी। भक्त हाथों में दीया लेकर आरती में सम्मिलित हुए और माता रानी की जयकार से शक्ति मंदिर गूंज उठा।जोड़ाफाटक के श्रीराम मंदिर में सुबह पूजा-अर्चना के बाद भक्तों ने घी और नारियल से माता को ज्योत दिखाई। शक्ति मंदिर में पूजा की व्यवस्था में पंडित राधेश्याम पांडेय, संतोष पांडेय और जमुना पांडेय लगे हुए थे। भक्तों की सेवा में सचिव अरुण भंडारी, उपाध्यक्ष राजीव सचदेवा, साकेत साहनी, संयुक्त सचिव सुरेंद्र अरोड़ा, सह कोषाध्यक्ष दिनेश पुरी, राहुल भंडारी, रूप किशोर टंडन, सोमनाथ पूथी, राकेश आनंद, कानव बाली, दीपक चोपड़ा, जितेन मेनन, निरंजन चौटालिया, अशोक भसीन, कार्यालय प्रबंधक ब्रजेश मिश्रा, गौरव अरोड़ा और जीतेंद्र मालाकार सहित कई लोग लगे हुए थे।

बुजुर्ग व दिव्यांग भक्तों के लिए लिफ्ट से दर्शन की होगी विशेष सुविधा

शक्ति मंदिर कमेटी ने बुजुर्ग और दिव्यांग भक्तों के लिए माता रानी के दर्शन में विशेष सुविधा प्रदान की है। इसके तहत मंदिर में लिफ्ट और व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है, जिससे भक्त आसानी से माता रानी के दरबार तक पहुंचकर दर्शन कर सकते हैं। लिफ्ट के माध्यम से बुजुर्ग और दिव्यांग भक्तों को दर्शन में सहजता और सुविधा मिल रही है। मां के दरबार में प्राण प्रतिष्ठा के समय हिमाचल प्रदेश के ज्वाला मंदिर से लाई गई ज्योत स्थापित की गई थी, जो आज भी गर्भगृह में अखंड जल रही है।

Looking
for the Right Candidates?

Reach Out to Thousands of Qualified Candidates With
दैनिक भास्कर
Call : 9772019222
Book now at
BhaskarAd.com

मंदिर के वार्षिकोत्सव पर निकली निसान यात्रा

गोविंदपुर| श्री स्वामी आत्मप्रकाश रामायण भवन ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर के 31वे वार्षिक महोत्सव के तीसरे दिन सोमवार को निसान शोभा यात्रा और सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया गया। भजन संध्या में गायक बुलबुल केजरीवाल, पंकज सांवरिया, पिंटू शर्मा एवं समय रूज ने भजन प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध कर दिया। मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा एवं कीर्तन तथा सवामनी भोग के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

रामलीला में श्रीराम वनवास का मंचन

गोविंदपुर | जगत जननी मां दुर्गा मंदिर की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित रामलीला के पांचवें दिन सोमवार को श्रीराम के वनवास और निषाद राज भेंट का मंचन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री हरेकृष्ण रासलीला संस्थान, वृंदावन द्वारा स्वामी देवेंद्र शर्मा व गोकुल शर्मा के निर्देशन में किया जा रहा है।सोमवार को उमड़ी भारी भीड़ के चलते आयोजकों को मैदान के बाहर स्क्रीन की व्यवस्था करनी पड़ी।

SBI भारतीय स्टेट बैंक
रासमेक सह सार्क धनबाद शाखा
पता- गुडविल प्रॉपर्टीज, बैंक मोड़, धनबाद-826001

आम नीलामी सूचना

भारतीय स्टेट बैंक ने हमारी शाखा के ऋण खाते में बंधक समझौते के तहत जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया था, तथा बैंकों के बकाये की वसूली के लिए "जहां है, जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर उन्हें बेचने का अधिकार दिया था।

SL. NO.	BORROWER	MODEL	YEAR OF MFG	DATE OF REGD.	REGD NO	ENGINE NO.	CHASIS NO	APPROVED RESERVE PRICE (RS.)	SEIZURE AGENCY	MOB NO
1	Nandlal Kumar	Maruti SuzukiJimny ISS Alpha All Grip	2024	Not Registered		K15BN4378405	MA3JJC74WRB169334	6,76,100/-	Maa Kalyani Consultancy Pvt. Ltd.	9155298455

ई-नीलामी की नियम एवं शर्तें:
1. ई-नीलामी की तिथि: 02.04.2026 (गुरूवार), समय: 240 मिनट, सुबह 11:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक, प्रत्येक 10 मिनट की बढ़ोत्तरी के साथ।
2. ई-नीलामी पोर्टल/वेबसाइट: https://baanknet.com के माध्यम से आयोजित की जाएगी।
3. बोलीदाताओं को अपने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी का उपयोग करके इस पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। इसके अलावा, उन्हें आवश्यक केवाईसी दस्तावेज अपलोड करने होंगे। केवाईसी दस्तावेजों के सत्यापन के बाद (इसमें 2 कार्यदिवस लग सकते हैं), बोलीदाताओं को समय पर एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी राशि ईएमडी वॉलेट में स्थानांतरित करनी होगी।
4. सफल बोलीदाता को पहले से भुगतान की गई ईएमडी को समायोजित करने के बाद, बिक्री मूल्य का 25% तुरंत, अर्थात उसी दिन या अगले कार्यदिवस से पहले जमा करना होगा। बिक्री मूल्य का शेष 75% बिक्री की पुष्टि के 15वें दिन या उससे पहले देय होगा।
5. बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली/नीलामी प्रक्रिया को रद्द/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
6. संपत्ति संबंधी पूछताछ/सत्यापन के लिए मोबाइल नंबर: 9631800668, 9771454840. संपर्क का समय: सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच।
7. बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे ई-नीलामी से पहले दिए गए मोबाइल नं. पर सांबंधित रीजन एजेंसी से संपर्क करके संपत्ति का सत्यापन करें।
8. बैंक से बिक्री प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद सफल बोलीदाताओं द्वारा डीटी ओ में वाहन के पंजीकरण लागत/बकाया का खर्च वहन किया जाएगा।
9. आरक्षित मूल्य पर जीएसटी लागू।

स्थान: धनबाद, दिनांक: 24.03.2026
विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य है।
ह./- प्राधिकृत अधिकारी
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आरएसएमईसीसी शाखा, धनबाद